J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
(formerly YMCA University of Science and Technology)
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

NEWS CLIPPING:01.05.2022

AMAR UJALA

जेसी बोस विवि में ऑफलाइन होगी स्नातक कोर्स की परीक्षा

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं तकनीकि विश्वविद्यालय (विवि) में स्नातक कोर्स की अंतिम सेमेस्टर परीक्षाएं मई में आयोजित होगी। परीक्षा का आयोजन ऑफलाइन मोड में ही किया जाएगा। इसके लिए विवि की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है।

परीक्षा आयोजन में जरूरी सलाह और सुझाव समाहित करने के बाद जरूरी बदलाव किए गए हैं। इसके लिए 25 अप्रैल तक विभिन्न हितधारकों से आपत्ति व सुझाव आमंत्रित किए गए। विवि की ओर से 24 मई से बीएससी छठे सेमेस्टर की परीक्षा शुरू होगी। इसी तरह बीटेक, बीबीए, बीसीए के साथ बीजेएमसी की परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा नियंत्रक की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक स्नातक की अंतिम सेमेस्टर परीक्षा का आयोजन मई माह में किया जाएगा। इसके लिए तिथि निर्धारित कर डेटशीट जारी कर दी गई है। विवि प्रवक्ता के मुताबिक छात्रों को परीक्षा में होने वाले जरूरी बदलाव की जानकारी समय से दे दी जाएगी। ब्यूरो